# University in News on 08 October 2021

## HINDUSTAN PAGE 7

# एलयू में छात्रावास के लिए 15 तक आवेदन का मौका

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले नए छात्र-छात्राओं को हॉस्टल के लिए 15 अक्तूबर तक आवेदन करना है। जिन छात्रों को हॉस्टल की जरूरत है वे लखनऊ विवि की वेबसाइट www. lkouniv. ac. in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

यह जानकारी एलयू प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं को वेबसाइट पर जाकर आवेदन फॉर्म भरना है, फिर उसे ईमेल के जरिए सम्बंधित पाठ्यक्रम के प्रभारियों को भेजना है। उन्होंने यह भी बताया कि आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को फॉर्म में अपनी मेरिट सूची की रैंक भी देनी होगी। उसी के आधार पर हॉस्टल आवंटन होगा। आवंटन सूची वेबसाइट पर जारी होगी।

### यहां करें आवेदन

छात्राओं के लिए

- पीएचडी: keyapandey9@ gmail.com
- बीकॉम, बीएड, बीपीएड, बीवीए, एमए, एमएससी, एमकॉम, एमएड, एमपीएड, एमवीए: kailashhall@ gmail.com
- बीएससी: luhostel2019@ gmail.com
- बीए: provosttilakhall@ yahoo.com
- लॉ के सभी पाठ्यक्रम: archnasinghlaw@ gmail. com
- बीटेक, बीफार्मा, एमफार्मा: lavanyahall. lkouniv@ gmail.com
- मैनेजमेंट (सेल्फ फाइनेंस): mgghlu. lko@ gmail.com

### छात्रों के लिए

- बीए और बीकॉम: dropshukladefencestudies@ gmail. com
- बीएससी, एमए, एमकॉम, एमएससी: subhashostel. lu@ gmail. com
- बीबीए, बीटेक, बीसीए, एमबीए (सेल्फ फाइनेंस): kautilyahall2021@ gmail
- बीएड, एमएड, पीएचडी (सत्र 2019-20): lbshall. lu@ gmail. com
- लॉ के सभी पाठ्यक्रम: professorklal@ rediffmail. com
- एमबीए (ओल्ड कैम्पस): balrampurhall@ gmail. com



### बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की क्लास लगी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने तीन महीने पीछे चल रहे सत्र को पटरी पर लाने के लिए पहला कदम बढ़ा दिया है। इस क्रम में नए सत्र की पहली क्लास (बीकॉम प्रथम सेमेस्टर) गुरुवार को चलाई गई। हालांकि अभी कुछ विषयों में काउंसलिंग चल रही है और पीजी प्रवेश के फिलहाल नतीजे ही जारी किए जा रहे हैं। गुरुवार को 15 से 20 छात्र-छात्राओं के साथ बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की पहली क्लास चलाई जिसमें सभी ने एक दूसरे का परिचय प्राप्त किया। बाकी पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश प्रक्रिया जल्द पूरी करने की कोशिश की जा रही है।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लखनऊ विश्वविद्यालय में शुरू हुई स्नातक के नए सत्र के विद्यार्थियों की कक्षाएं

# युवा जोश और उत्साह से खिलखिलाया परिसर

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। नई उमंग..., नया जोश..., नया उत्साह... और चेहरे पर नए मिशन की खुशी...। नए युवाओं की टोली कभी भविष्य की योजनाओं को रेखांकित करती तो कभी पुराने कैंपस से नए कैंपस की ओर कदमताल... तो कुछ पढ़ाकू अपनी क्लास के इर्द-गिर्द मंडराते...। ये नजारा बृहस्पतिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय का था, जहां स्कूल-कॉलेज से इंटर पास कर नवप्रेशित छात्र पहली बार क्लास अटेंड करने विश्वविद्यालय पहुंचे थे। लखनऊ विश्वविद्यालय में फर्स्ट ईयर के (बीए-बीएससी छोड़कर) विद्यार्थियों की कक्षाएं बृहस्पतिवार से शुरू हो गईं। बुधवार को इन विद्यार्थियों का शुल्क जमा होने के बाद कक्षाएं आवंटित हुई थीं।

बीकॉम, बीसीए, एलएलबी आदि कोर्सों में पहले दिन हुई कक्षाओं में विद्यार्थियों को पूरी जानकारी दी गई। कक्षाएं करने के बाद नवप्रवेशित युवाओं ने कैंपस विजिट की। कैंटीन भी गए और परिसर भी देखा-जाना। डीन ऑफिस से लेकर विभागों के भी चक्कर काटे। इसके साथ ही परिसर व कक्षाएं भी पूरी तरह से गुलजार होने लगी। वहीं, बीए व बीएससी मैथ्स, बायो का अभी पहले चरण की काउंसिलिंग का परिणाम जारी नहीं हो सका है। इन कोर्सों के विद्यार्थियों का इंतजार खत्म होता नहीं दिख रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि एक-दो दिन में इनको भी सीट अलॉट कर कक्षाएं नियमित की जाएंगी।





लखनऊ विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को नवप्रेशित छात्र सत्र की पहली कक्षा लेने पहुंचे। -संवाद

### छात्रावास के लिए आवेदन शुरू

विश्वविद्यालय ने पहले सेमेस्टर के प्रवेशित इच्छुक विद्यार्थियों से छात्रावास के लिए आवेदन करने को कहा है। चीफ प्रोवोस्ट प्रो. नलिनी पांडेय के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 15 अक्तूबर तक विवि की वेबसाइट पर जारी निर्धारित ई-मेल आईडी पर 50 रुपये शुल्क के साथ आवेदन करें। साथ ही प्रवेश के समय जारी मेरिट का भी उल्लेख करें।

### एनसीसी नेवल के लिए करें आवेदन

वहीं, विश्वविद्यालय ने फर्स्ट ईयर के प्रवेशित छात्र-छात्राएं जो नेवल एनसीसी में प्रवेश के इच्छुक हो 18 अक्तूबर तक संबंधित विभाग से संपर्क करने को कहा है। अंतिम रूप से चयन 20 अक्तूबर को होगा।

# बीएड: तीसरे दौर में 38 हजार को दाखिला

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएड दाखिलों के लिए चल रही काउंसलिंग के तृतीय चरण (स्टेट रैंक 1 से 3,50,000 तक) के सीट आवंटन का परिणाम गुरुवार को घोषित किया गया। इस चरण में 50745 अभ्यर्थियों ने काउंसलिंग में पंजीकरण किया और 48289 ने विकल्प लॉक किए। 2456 ऐसे अभ्यर्थी हैं जिन्होंने केवल पंजीकरण किया लेकिन च्वाइस लॉक नहीं की। तीसरे चरण में कुल 38841 अभ्यर्थियों को सीट एलॉट हुई।

राज्य बीएड प्रवेश समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई है वे 10 अक्तूबर तक सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा कर सकते हैं। जिनकी आवंटित कॉलेज फीस पांच हजार रुपए से कम है उन्हें अब कोई फीस जमा नहीं करनी है और एलयू की वेबसाइट पर लॉगिन कर एलॉटमेंट लेटर डाउनलोड करना होगा।

अन्य अभ्यर्थियों को बाकी कॉलेज में फीस जमा करके एलॉटमेंट लेटर डाउनलोड करना है। ऐसा न करने पर आवंटन निरस्त हो जाएगा। इसके बाद अभ्यर्थियों को अपने एलॉटमेंट लेटर व मूल प्रमाण-पत्रों के साथ आवंटित कॉलेज में रिपोर्ट करना है। चौथे चरण में पंजीकरण की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई चुकी है

### फीस जमा करने की तारीख 10 अक्तूबर तक

जिन अभ्यर्थियों को पहले के चरणों में सीट आवंटित हुई है और वे किन्हीं कारणों से सीट कन्फर्मेशन शुल्क अब तक जमा नहीं कर पाए हैं, उनके लिए शुल्क जमा करने की तारीख 10 अक्तूबर तक बढ़ा दी गई है।

### पॉलीटेक्निक काउंसलिंग में 20786 को प्रवेश

प्रदेश के पॉलीटेक्निक संस्थानों में चल रहे विभिन्न डिप्लोमा इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी, फार्मेसी, मैनेजमेंट व पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 14 सितम्बर से काउंसलिंग चल रही है। गुरुवार को काउंसलिंग के छठे राउंड का परिणाम घोषित किया गया। 20786 को सीट एलॉट की गई है।

### लविवि में हॉस्टल के लिए 15 तक करना होगा आवेदन

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को हॉस्टल के लिए 15 अक्टूबर तक आवेदन करना होगा। ऐसे में जिन विद्यार्थियों को हॉस्टल की जरूरत है वे लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी लविवि के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को वेबसाइट पर जा कर आवेद फार्म भरना होगा। इसके बाद उसे ई मेल के माध्यम से संबंधित पाठ्यक्रमों के प्रभारियों को भेजना होगा। उन्होंने बताया कि आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को फार्म में अपनी मेरिट सूची की रैंक भी देनी होगी। उसी के आधार पर हॉस्टल का आवंटन होगा। आवंटन की सूची लविवि की वेबसाइट पर जारी कर दी जाएगी।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### बीएड काउंसिलिंग के तीसरे चरण का परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएड प्रवेश के लिए लिए चल रही काउंसलिंग के तृतीय चरण का परिणाम गुरूवार को जारी कर दिया गया है। जारी परिणाम के मुताबिक स्टेट रैंक एक से 3,50,000 तक अभ्यर्थियों शामिल हैं। इस चरण में 50745 अभ्यर्थियों ने काउंसलिंग में पंजीकरण किया और कुल 48289 अभ्यर्थियों ने विकल्प लॉक किए। 2456 ऐसे अभ्यर्थी हैं जिन्होंने केवल पंजीकरण किया लेकिन च्वाइस लॉक नहीं की। तीसरे चरण में कुल 38841 अभ्यर्थियों को सीट एलॉट हुई। राज्य बीएड प्रवेश समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई है वे 10 अक्टूबर तक अपना सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा कर सकते हैं। जिनकी आवंटित कॉलेज फीस पांच हजार रुपए से कम है उन्हें अब कोई फीस जमा नहीं करनी है।

## PIONEER PAGE 3

# बीएड काउंसिलिंग: तीसरे चरण का आवंटन परिणाम जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा कराई जा रही उप्र संयुक्त प्रवेश.परीक्षा बीएड 2021-23 की काउन्सिलिंग के तीसरे चरण के सीट आवंटन का परिणाम गुरुवार को घोषित किया गया। इस चरण में 50745 अभ्यर्थियों ने काउन्सिलिंग में पंजीकरण किया और कुल 48289 अभ्यर्थियों ने अपने विश्वविद्यालय-महाविद्यालय के विकल्प लॉक किये जबकि 2456 ऐसे अभ्यर्थी हैं, जिन्होंने केवल पंजीकरण किया किन्तु कोई भी विकल्प लॉक नहीं किये। काउन्सिलिंग के तीसरे चरण में कुल 38841 अभ्यर्थियों को उनके द्वारा विकल्पित बीएड महाविद्यालयों में सीट आवंटित हुई है। जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई है वे निश्चित अवधि अर्थात 10 अक्टूबर 2021 तक अपना सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों की आवंटित विश्वविद्यालय-महाविद्यालय फीस 5000 रुपए से कम है उन्हें लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन कर आबंटन-सह पुष्टिपत्र डाउनलोड कर लेना होगा। अन्य आवंटित अभ्यर्थियों को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन कर शेष महाविद्यालय शुल्क राशि जमा कर अपना आबंटन-सह पुष्टिपत्र अवश्य डाउनलोड करना होगा। इस प्रक्रिया में असफल रहने पर अभ्यर्थियों का सीट आवंटन निरस्त हो जायेगा। प्रवेश समन्वयक प्रो अमिता बाजपेयी ने बताया कि प्रथम काउंसलिंग के चतुर्थ चरण हेतु पंजीकरण की प्रक्रिया आज से प्रारंभ हो चुकी है जो 10 अक्टूबर तक चलेगी। इस चरण में पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थी 8 से 11 अक्टूबर तक च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं। इसका आवंटन परिणाम 12 अक्टूबर को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

## RASHTRIYA SAHARA PAGE 5

# पीएचडी प्रवेश के चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के रेगुलर फुलटाइम पीएचडी प्रवेश के लिए आयोजित की गयी लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के आधार पर छह विषयों के चयनित अभ्यर्थियों की सूची बृहस्पतिवार को जारी कर दी गयी। जिन विषयों की मेरिट जारी हुइ है, उनमें कम्प्यूटर साइंस, मैथ्स, फिलॉसफी, इंग्लिश, एप्लाइड इकोनॉमिक्स और जूलॉजी शामलि हैं। चयनित अभ्यर्थी ल ा ख ा न ा ऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमीशन पेज में पीएचडी प्रोग्राम में जाकर सूची देख सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को शुक्रवार से रविवार तक अपने लॉग इन आईडी से ऑनलाइन फीस जमा करनी है।



**लविवि में शुरू हुई बी कॉम फर्स्ट सेमेस्टर की कक्षाएं :** लखनऊ विश्वविद्यालय मे बृहस्पतिवार से बीकॉम फर्स्ट सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू हो गईं। विश्वविद्यालय प्रशासन का दावा है कि कोविड-19 प्रोटेकॉल के तहत चल रही कक्षाओं में छात्र आ रहे हैं।

**2,456 ने नहीं लॉक किए विकल्प :** लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा विगत अगस्त माह में आयोजित की गयी उप्र संयुक्त प्रवेश-परीक्षा बीएड-2021-23 की काउन्सिलिंग के तृतीय चरण (स्टेट रैंक 1 से 3,50,000 तक) के सीट आबंटन का परिणाम बृहस्पतिवार को घोषित किया गया। इस चरण में 50745 अभ्यर्थियों ने काउन्सिलिंग में पंजीकरण किया और कुल 48,289 अभ्यर्थियों ने अपने विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के विकल्प लॉक किये जबकि 2,456 ऐसे अभ्यर्थी हैं, जिन्होंने केवल पंजीकरण किया किन्तु कोई भी विकल्प लॉक नहीं किये।